ई-पत्रिका

# नगर पंचायत नगरा




# NAGAR PANCHAYAT NAGRA

## VOLUME 01
## 01 JUNE TO 30 JUNE 2021

E NEWS LETTER 1

अध्यक्ष

**श्री संजय राव**

*(अधिशासी अधिकारी)*



I am happy to present the June 2021 issue to all of you. A number of projects have been commissioned in the month of June. The former will help smoothen the flow of traffic, reduce the travel time of citizens, ease the congestion and reduce pollution on nagar road. There have been a lot of lessons to learned and these insights will certainly stand in good stead with us in our endeavors in future. The one thing that stands out is the most active participation of citizens. We, the residence of the Nagar Panchayat nagra respective of ages, castes, creeds, religions, localities have untidily participated in creation of Nagra Swachh Nagar proposal. As I look  into the future with great expectation, it is this one aspect of the municipality which gives me the greatest hope. We in the Nagra would be very happy to receive your feedbacks on all matters that you feel are important**.**



# NAGAR PANCHAYAT NAGRA




I am delighted to present the tasks and issue of Nagar Panchayat Nagra by E-Patrika Nagra in June 2021. Nagar Panchayat Nagra is grateful to the citizens who displayed tremendous enthusiasm and whole heartedly participated in numerous activities throughout this period. All of us should bear in mind that this is not end but a beginning of the exercise pertaining to development and Swachh Mission program. The coming years will surely be very hectic and eventful. Nagra promises to leave no room for complacency and will work even harder to achieve the targets. We solicit active participation from the citizens in our endeavor. We sincerely believe that decisions taken by Nagar should benefit Nagar Panchayat Nagra and the citizens in the ultimate analysis. Many projects process in work in Nagar Panchayat Nagra for development our and Nagar Panchayat Nagra citizens. Thanks to all citizens of Nagar Panchayat Nagra for supporting to develop Nagra.

# नगर पंचायत नगरा

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2021

नगर पंचायत नगरा, *जून* 2021 के ई-पत्रिका नगर में स्वागत है | *जून* माह में हुये विकास कार्यो को ई-पत्रिका नगरा, के माध्यम से आपसब तक पहुँचाना चाहते हैं | नगर पंचायत प्रत्येक माह ई-पत्रिका नगरा, के द्वारा नगर पंचायत में हुये विकास कार्यो को आपसब के सामने लाने का प्रयास करता है | जिससे नगर पंचायत नगरा के विकास और नई योजनाओं से लाभान्वित हो सके | नगर पंचायत नगरा का एक मात्र उद्देश्य पंचायत नगरा का विकास है | जिसमे बिना किसी भेद-भाव, सभी समुदायों के लोगो को एकसाथ लेकर आगे बढने का उद्देश्य है | जिसके लिए नगर पंचायत नगरा, के निवासियों को इसमें सहयोग महत्वपूर्ण है | और नगर पालिका इसका उम्मीद करता है | नगरवासियों से अपील है की नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने में नगर पालिका की मदद करे | अपने आस-पास साफ-सुथरा रखे | कूड़ा-कचरा डस्टबिन में रखे , गन्दगी न फैलाये | आने वाले कल अच्छा हो इसके लिये आज बेहतर बनायें |

# घटिया निर्माण पर भड़के भाजपाई, सौंपा ज्ञापन



नगरा में घटिया निर्माण को तोड़ते नगर पंचायत कर्मी • जागरण

**जासं, नगरा** : थाने के सामने मानक के विरुद्ध हो रहे घटिया नाली निर्माण से क्षुब्ध भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को डीएम अदिति सिंह को ज्ञापन सौंपा। मामले में डीएम ने एडीएम को कार्रवाई का निर्देश दिया है। भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक जयप्रकाश जायसवाल द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पंचायत द्वारा नगरा में कराए जा रहे नाली निर्माण मानक व ई टेंडरिंग के अनुरुप नहीं कराकर मनमाने ढंग से कराया जा रहा है। एक माह पूर्व नगरा घोसी मार्ग पर नाली निर्माण का कार्य हुआ था, जिसमें घोर अनियमितता हुई थी। सूचना पर एसडीएम रसडा मौके पर पहुंचे थे किंतु कोई सुधार नहीं हुआ। ज्ञापन देते समय प्रिंस गुप्ता, राजू चौहान आदि मौजूद थे।

जागरण

# भाजपा नेता ने मांगा आय व्यय का ब्योरा, हड़कंप

**जासं, नगरा (बलिया)** : नगरा निवासी भाजपा नेता प्रिंस कुमार ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के सृजन से अब तक के आय-व्यय का ब्योरा मांगा है। भाजपा नेता ने जनसूचना अधिकारी, अधिशासी अधिकारी को दिए पत्र में पांच बिंदुओं पर पर जानकारी मांगी है, जिसमें नगर पंचायत सृजन के पश्चात राज्य वित्त आयोग अंतर्गत जून 2021 तक शासन से कितनी धनराशि प्राप्त हुई है, सृजन के बाद 15वें वित्त आयोग के तहत कितनी धनराशि कब कब किस तिथि में मिली है।

कराए गए कार्यों का पूर्ण विवरण व कितनी धनराशि शेष बची है। नव सृजित निकाय नगरा में सभी योजनाओं के अंतर्गत कब और किन स्थानों पर सड़क निर्माण, नाला नाली निर्माण, ट्रैक्टर क्रय, प्रकाश हेतु एलईडी तार केबिल व सफ़ाई उपकरण अन्य सामग्री का क्रय मात्रा सहित टेंडर कब किया गया।

हलचल



नगरा बाजार में बुधवार को सड़क पर जल जमाव से परेशान लोग।

# जलनिकासी नहीं,पानी से आवागमन मुश्किल

नगरा। स्थानीय बाजार के जनता इंटर कॉलेज मोड़ व हनुमान चौक से दुर्गा चौक तक बारिश का पानी जमा हो जाने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। बुधवार की शाम को हुई बारिश से पूरी सड़क लबालब हो गयी। नाली की सफाई हुई तो है लेकिन पानी का निकास नहीं होने के कारण सड़क का पानी जल्दी निकल नहीं पाता है। इस संबंध में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी संजय राव ने कहा कि इस समस्या का जल्द ही निस्तारण होगा। अभी यहां पर बहुत काम बाकी है, जिसको पूरा करना है।



नाला जाम होने से नगरा बाजार में बारिश के बाद हुआ जल जमाव • जागरण

# नगरा बाजार की नालियां जाम, चतुर्दिक जलजमाव

जासं, नगरा (बलिया) : नगरा को नगर पंचायत का दर्जा तो मिल गया किंतु नगरवासियों की दुश्वारियां कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। बरसात शुरू होते ही यहां की जलनिकासी व्यवस्था की पोल खुल गई है। शुक्रवार को हुई मूसलाधार बारिश से दुर्गा मंदिर चौक से लेकर नगरा-रसड़ा मार्ग पर जनता इंटर कालेज मुख्य गेट के सामने तालाब जैसा दृश्य उत्पन्न हो गया। राहगीर वाहनों सहित गंदे पानी में गिरते रहे।

दुर्गा चौक से लेकर जनता इंटर कालेज गेट के सामने तक की नाली या तो ध्वस्त हो गई है या जाम हो गई। नगरा घोसी मार्ग पर सड़क के एक तरफ नाली का निर्माण तो करा दिया गया है किंतु दूसरी तरफ कार्य नहीं हुआ। बारिश का पानी सड़क की पटरी पर जमा होकर दुकानों में घुस रहा है। नगर पंचायत की नई बस्ती की सड़क पर कीचड़ के चलते चलना मुश्किल हो गया है। संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका से लोग दहशत में हैं। ईओ संजय कुमार राय ने बताया कि जाम नालियों की सफाई कराई जाएगी। कुछ लोग नालियों के ऊपर दुकान लगा कर अतिक्रमण किए हैं उन्हें हटाया जाएगा।

**मुश्किल**

- बारिश ने खोल दी जलनिकासी व्यवस्था की पोल
- दुकानों में घुस रहा सड़क की पटरी पर जमा पानी

नगर पंचायत नगरा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गण
आपको बहुत बहुत धन्यवाद...

**थाना रोड पे आधी-तूफान-बरसात से आज पेड़ गिरकर लटका हुआ था, आपके सहयोग से इसको हटवा कर अपने एक बड़ी दुर्घटना होने से बचाये।**



जागरण

## भाजपा नेता ने मांगा आय व्यय का ब्योरा, हड़कंप

जासं, नगरा (बलिया) : नगरा निवासी भाजपा नेता प्रिंस कुमार ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के सृजन से अब तक के आय-व्यय का ब्योरा मांगा है। भाजपा नेता ने जनसूचना अधिकारी, अधिशासी अधिकारी को दिए पत्र में पांच बिंदुओं पर पर जानकारी मांगी है, जिसमें नगर पंचायत सृजन के पश्चात राज्य वित्त आयोग अंतर्गत जून 2021 तक शासन से कितनी धनराशि प्राप्त हुई है, सृजन के बाद 15वें वित्त आयोग के तहत कितनी धनराशि कब कब किस तिथि में मिली है।


कराए गए कार्यों का पूर्ण विवरण व कितनी धनराशि शेष बची है। नव सृजित निकाय नगरा में सभी योजनाओं के अंतर्गत कब और किन स्थानों पर सड़क निर्माण, नाला नाली निर्माण, ट्रैक्टर क्रय, प्रकाश हेतु एलईडी तार केबिल व सफाई उपकरण अन्य सामग्री का क्रय मात्रा सहित टेंडर कब किया गया।

# नाली मरम्मत का ईओ ने किया निरीक्षण

नगरा। स्थानीय नगर पंचायत के नगरा–घोसी मार्ग पर चल रहे नाली मरम्मत कार्य का निरीक्षण अधिशासी अधिकारी संजय राव ने दल–बल के साथ किया। इस दौरान उन्होने देखा कि नाली निर्माण में दोयम दर्जे के ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। इस पर वह भड़क गए और सभी खराब ईंटों को वापस कराया। इसके साथ ही खराब ईंटों से निर्मित नाली को भी तोड़वाया। तत्काल अव्वल दर्जे का ईंट मंगवा कर नाली निर्माण कार्य शुरू करवाया। उन्होंने ठेकेदार को हिदायत देते हुए कहा कि आगे से कोई गड़बड़ी पाई जायेगी तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर बरिष्ठ लिपिक अताउल्लाह के साथ अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



नगरा में नाला मरम्मत कार्य का निरीक्षण करते ईओ संजय राव


Father's
Day


जिंदगी में अच्छा लिबास हो तो
उसे कुदरत कहते है ,
रंगीन दोस्त हो तो उसे जन्नत
कहते है ,
हसींन हमसफ़र हो तो उसे
मोहब्बत कहते है ,
और जिंदगी में आप जैसे पापा
हो तो उसे किस्मत कहते है


कोविड से सम्बन्धित किसी
भी सहायता के लिए निम्नलिखित
नम्बरों पर सम्पर्क करें।
कोविड हेल्पलाइन नम्बर
नगर पंचायत नगरा, बलिया
+91 9454 417979
05498 220827
+91 7667 826832


ICCC BALLIA
Integrated Covid Control Center-Ballia
कोरोना संक्रमण से सम्बन्धित किसी भी समस्या/शिकायत के लिए निम्न नम्बरों पर सम्पर्क करें।
+91 9454 417979
05498 220827
+91 7667 826832
जिला प्रशासन
बलिया सदैव आपकी
सेवा के लिए तत्पर है।
एम्बुलेंश द्वारा तय रेट से ज्यादा चार्ज करने पर सम्पर्क करें।
Home Isolated कोरोना संक्रमित लोगों को टेलीमेडिसिन हेतु सम्पर्क करें।
अपने घर या आस पास सेनेटाईजेशन कराने हेतु सम्पर्क करें।
Private Hospital द्वारा कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए तय रेट से ज्यादा लेने पर सम्पर्क करें।
नगर पंचायत नगरा-बलिया
अताउल्लाह
लिपिक
नगर पंचायत नगरा
संजय कुमार राव
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत नगरा
प्रभुदयाल
प्रशासक
नगर पंचायत नगरा

# नगरा में 15 साल बाद शुरू हुआ सफाई अभियान

जागरण संवाददाता, नगरा (बलिया) : कोरोना काल में नगर पंचायत ने सफाई अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत सबसे पहले नगरा-रसड़ा मार्ग के दोनों तरफ नालियों की सफाई की गई। नालियां जाम पड़ी हुई थीं जिससे घरों का पानी घरों में ही रह जाता था। विगत 15 वर्षों से नाली की सफाई नहीं हो सकी थी। बरसात से पूर्व हुई नाली की सफाई से बाजारवासी राहत महसूस कर रहे हैं। भाजपा आइटी सेल के सह संयोजक जायप्रकाश जायसवाल ने ईओ को पत्र लिख कर उक्त नालियों की सफाई किए जाने की मांग की थी। ईओ संजय कुमार राव ने बताया कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए नगर में वृहद रूप से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। हर गली व मोहल्लों का सैनिटाइजेशन किया गया है।



नगरा में जेसीबी से हो रही सफाई • जागरण

# मुफ्त वैक्सीन, मुफ्त अनाज

## पीएम मोदी का राष्ट्र के नाम सम्बोधन : सरकार खरीद कर देगी वैक्सीन, 80 करोड़ गरीबों को दीवाली तक मुफ्त राशन

पंजाब केसरी/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए दो बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने देश के सभी लोगों के लिये मुफ्त वैक्सीन देने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने देश के 80 करोड़ गरीब लोगों को नवंबर यानी दिवाली तक मुफ्त राशन देने का ऐलान भी किया। उन्होंने अपने भाषण में राज्यों के पास से वैक्सीनेशन का 25 प्रतिशत कार्य भी आगामी दो सप्ताह में केंद्र सरकार के पास शिफ्ट करने की घोषणा भी की। मोदी ने कहा कि कोरोना की दूसरी वेव और इससे हमारी लड़ाई जारी है। दुनिया के अनेक देशों की तरह भारत भी इस लड़ाई के दौरान बड़ी पीड़ा से गुजरा है।

हममें से कई लोगों ने अपने परिजनों और परिचितों को खोया है। ऐसे सभी परिवारों के साथ मेरी पूरी संवेदनाएं हैं। बीते 100 साल में आई ये सबसे बड़ी महामारी है, त्रासदी है। इस तरह की महामारी आधुनिक विश्व ने न देखी थी और न अनुभव की थी। मोदी ने कहा कि इतनी बड़ी वैश्विक महामारी से हमारा देश कई मोर्चों पर एक साथ लड़ रहा है।

(पृष्ठ-2 भी देखें)



## 18 साल से ऊपर के लोगों को मुफ्त टीका



**एक** अच्छी बात रही कि समय रहते राज्य पुनर्विचार की मांग के साथ फिर आगे आए। राज्यों की इस मांग पर हमने भी सोचा कि देशवासियों को तकलीफ न हो। सुचारू रूप से उनका वैक्सीनेशन हो। इसके लिए 16 जनवरी से अप्रैल अंत वाली व्यवस्था को फिर लागू किया जाए। आज ये फैसला लिया गया है कि राज्यों के पास वैक्सीनेशन से जुड़ा जो 25 प्रतिशत काम था, उसकी जिम्मेदारी भारत सरकार उठाएगी। ये व्यवस्था दो हफ्ते में लागू की जाएगी। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर नई गाइडलाइन के अनुसार जरूरी तैयारी कर लेंगी। संयोग है कि 21 जून को ही अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भी है। 21 जून सोमवार से देश के हर राज्य में 18 साल से ऊपर के लोगों के लिए भारत सरकार राज्यों को मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध कराएगी। वैक्सीन निर्माताओं से कुल उत्पादन का 75 प्रतिशत हिस्सा खुद खरीदकर राज्य सरकार को मुफ्त देगी। किसी भी राज्य सरकार को वैक्सीन को कुछ भी खर्च नहीं करना होगा।देशवासियों टीकाकरण के अलावा आज एक और बड़े फैसले से अवगत कराना चाहता हूं। पिछले साल जब लॉकडाउन लगाना पड़ा तो प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ देशवासियों को 8 महीने तक मुफ्त राशन दिया गया। दूसरी वेव के कारण मई और जून के लिए भी ये योजना बढ़ाई गई। आज सरकार ने फैसला लिया है कि इस योजना को अब दीपावली तक आगे बढ़ाया जाएगा। सरकार गरीब की हर जरूरत के साथ उसका साथी बनी है।

### ऑक्सीजन की कमी दूर की



**अप्रैल** और मई के महीने में ऑक्सीजन की डिमांड अकल्पनीय रूप से बढ़ गई। भारत में कभी भी इतनी मात्रा में इतनी ऑक्सीजन की जरूरत महसूस नहीं की गई। इस जरूरत को पूरा करने केलिए युद्ध स्तर पर काम किया गया। सरकार के सभी तंत्र लगे। ऑक्सीजन रेल, एयरफोर्स, नौसेना को लगाया गया। लिक्विड ऑक्सीजन के प्रोडक्शन में 10 गुना ज्यादा बढ़ोतरी बहुत कम समय में की गई। दुनिया के हर कोने से जो उपलब्ध हो सकता था, उसे लाया गया। जरूरी दवाओं के प्रोडक्शन को कई गुना बढ़ाया गया। विदेशों में जहां भी दवाइयां उपलब्ध हों, वहां से उन्हें लाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी गई। कोरोना जैसे अदृश्य और रूप बदलने वाले दुश्मन के खिलाफ लड़ाई में सबसे प्रभावी हथियार कोविड प्रोटोकॉल है।

### वैक्सीन है सुरक्षा कवच

**लड़ाई** में वैक्सीन सुरक्षा कवच की तरह है। पूरी दुनिया में वैक्सीन बनाने वाली कंपनियां गिनी-चुनी हैं। अभी हमारे पास भारत में बनी वैक्सीन नहीं होती तो भारत जैसे विशाल देश में क्या होता। पिछले 50-60 साल का इतिहास देखेंगे तो पता चलेगा कि भारत को विदेशों से वैक्सीन हासिल करने में दशकों लग जाते थे। वैक्सीन का काम पूरा हो जाता था, तब भी हमारे देश में वैक्सीनेशन का काम शुरू नहीं हो पाता था। पोलियो, स्मॉल पॉक्स, हैपेटाइटिस बी की वैक्सीन के लिए देशवासियों ने दशकों तक इंतजार किया था।

### तो हमें लग जाते 40 साल

2014 में देशवासियों ने हमें सेवा का अवसर दिया तो भारत में वैक्सीनेशन का कवरेज सिर्फ 60% के आसपास था। हमारी नजर में ये चिंता की बात थी। जिस रफ्तार से भारत का टीकाकरण कार्यक्रम चल रहा था, उस रफ्तार से देश को शत-प्रतिशत टीकाकरण कवरेज हासिल करने में 40 साल लग जाते। हमने इस समस्या के समाधान के लिए मिशन इंद्रधनुष को लॉन्च किया है। हमने तय किया कि इस मिशन के माध्यम से युद्ध स्तर पर वैक्सीनेशन किया जाएगा और देश में जिसको भी वैक्सीनेशन की जरूरत है। उसे वैक्सीन देने का प्रयास होगा। हमने मिशन मोड में काम किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैक्सीनेशन के लिए हर किसी ने सरकार का साथ दिया और यह उसी का परिणाम है कि हमें सफलता भी मिली।


Do
Your Bit
To Make
INDIA
CLEAN


Reduce
Reuse
Recycle
PAPER
GLASS
PLASTIC
METAL
Solid Waste Management


स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार
नोवल कोरोना वायरस
Help us to help you
चीन देश से आये यात्री कृप्या ध्यान दें
निम्नलिखित परिस्थितियों में स्वयं सूचना दें
1 खांसी
2 बुखार
3 निमोनिया के लक्षण
लक्षण पाये जाने पर तुरंत सम्पर्क करें
• एयरपोर्ट हेल्थ ऑफिस
• आव्रजन कार्यालय
• लैंड चेक पोस्ट
• पोर्ट ऑफ लैंडिंग
• स्थानीय स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र
अधिक जानकारी के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
के कॉल सेन्टर/हेल्पलाइन नं. पर सम्पर्क करें:
+91 - 11 - 23978046

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत खुले मे शौच से मुक्ति के सम्बन्ध में जागरूकता हेतु एक मार्मिक अपील

*जागो युवा जागो स्वच्छ भारत है तुम्हारा अधिकार लेकिन पहले उठाओं पहले कर्तव्य का भार*

## *बापू का नारा, स्वच्छ भारत हैं बनाना *

*भूमण्डल में गूंजे गान *
*मेरा भारत देश महान *
*फिर गूजेंगा का बापू का गान *
*स्वच्छ रहे भारत का हर ग्राम *
*कूड़ा करकट का हैं अम्बार *
*सबको मिलकर करना हैं साफ *
*अपने कर्मो को सुधारे *
*नदियों को पवित्र बनायें *
*स्वच्छता उन्नति का आधार हैं *
*लम्बे जीवन का सार हैं *
*स्वच्छता आकर्षण का आधार हैं *
*स्वच्छता मोक्ष का द्वार भी हैं *
*बच्चे बूढे, और जवान हैं ,*
*सहयोग सेतु में बंध एक साथ *
*संकल्प करे फिर एक बार *
*स्वच्छ रखेगा भारत को हर हाथ *
*अच्छे दिनों को लाना हैं *
*भारत का मान बढ़ाना हैं *

*स्वच्छ भारत मिशन* लोनी

**श्री संजय राव**

*(अधिशासी अधिकारी)*




: www.fageosystems.in

: info@fageosystems.in

**Tel/Fax** : 01204349756